–: न्यायालय उपखण्ड अधिकारी नसीराबाद जिला अजमेर :–

पीठासीन अधिकारी :–देवीलाल यादव (आर.ए.एस.)
प्रकरण संख्या :– 185/2024

उनवान

रामाकिशन पुत्र रंगलाल जाति रेगर नि. राजगढ हाल नि. चन्द्रवरदायी नगर, अजमेर
–– प्रार्थी :– जरियें अधिवक्ता श्री शान्ति प्रकाश शर्मा

बनाम

1. इन्द्रा पुत्री रंगलाल,
2. गोपाल,
3. नेमीचन्द, पि. रंगललाल,
4. निर्मला पुत्री हजारी,
5. पांचू पुत्र मथुरा,
6. मुकेशलाल पुत्र हजारी,
7. मीरा पुत्रीी रंगलाल,
8. लीला देवी पुत्री हजारी,
9. शांति पत्नी हजारी,
10. सुशीला देवी पुत्री हजारी,
11. हरीशचन्द पुत्र हजारी समस्त जाति रेगर नि. राजगढ,
12. राज. सरकार जरियें तहसीलदार नसीराबाद

–– अप्रार्थीगण :– 1 से 11 अनुपस्थित, 12 जरियें राज. पैरोकार

आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू राजस्व अधिनियम 1956

–: आदेश :– दिनांक :– 7.10.25

अधिवक्ता प्रार्थी ने उक्त आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया कि ग्राम राजगढ के हाल खाता संख्या 410/356 किता 23 रकबा 3.20 की आराजी प्रार्थी व अप्रार्थीगण की सहखातेदारी की है। उक्त आराजी में प्रार्थी का नाम नामान्तकरण संख्या 57 दिनांक 09.02.2008 से सम्पत पुत्र रंगलाल दर्ज कर दिया गया है जबकि प्रार्थी का वास्तविक व सही नाम रामाकिशन पुत्र रंगलाल है। जिसका प्रमाण पैन कार्ड, टीसी. प्रमाण पत्र, पहचान पत्र से होता है। अतः अराजी मुतनाजा पर प्रार्थी का सही नाम रामाकिशन पुत्र रंगलाल अंकित किया जावे।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थीगण को जरियें नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 1 से 11 अनुपस्थित रहे। राज. पैरोकार [illegible]

अधिवक्ता प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र के समर्थन में [illegible] लेख व पहचान के दस्तावेज पेश किये।

बहस उभयपक्ष सुनी गयी।

पत्रावली का अवलोकन किया। विद्वान अधिवक्ता प्रार्थी व राज.पैरोकार की बहस [illegible] किया। ग्राम राजगढ के हाल खाता संख्या 410/356 किता [illegible] रकबा 3.20 की आराजी [illegible] व

Signature Not Verified
Digitally signed by Devi Lal Yadav
Date: 2025.10.13 17:13:53 IST
Reason: SelfAttested

––2

उपखण्ड अधिकारी
नसीराबाद (अजमेर)

अप्रार्थीगण की सहखातेदारी की है। उक्त आराजी में प्रार्थी का नाम नामान्तकरण संख्या 57 दिनांक 09.02.2008 से सम्पत पुत्र रंगलाल दर्ज कर दिया गया है जबकि प्रार्थी का वास्तविक व सही नाम रामाकिशन पुत्र रंगलाल है। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत आधार कार्ड, ग्राम पंचायत राजगढ प्रमाण पत्र में भी प्रार्थी का नाम रामाकिशन पुत्र रंगलाल है। हाल राजस्व अभिलेख में प्रार्थी का नाम सम्पत पुत्र रंगलाल जरियें विरासत नामान्तकरण दर्ज हुआ है। उक्त त्रुटि सदभाविक है जिसे दुरूस्त करने से राजहित प्रभावित नही होता साथ ही अन्य सह खातेदार के हित भी प्रभावित नही होते है।

उक्तानुसार ग्राम राजगढ के हाल खाता संख्या 410/356 किता 23 रकबा 3.20 की आराजी पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र **"स्वीकार"** किया जाता है कि तहसीलदार नसीराबाद आराजी मुतनाजा पर प्रार्थी का नाम सम्पत पुत्र रंगलाल के स्थान पर रामाकिशन पुत्र रंगलाल अंकित करने की कार्यवाही करावे। पक्षकार खर्चा स्वयं वहन करे।

आदेश सरे इजलास सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
नसीराबाद

Signature Not Verified

Digitally signed by Devi Lal Yadav
Date: 2025.10.13 17:13:53 IST
Reason: SelfAttested